वी.यू. में विश्व पशु चिकित्सा दिवस 2019 पर साप्ताहिक कार्यक्रम का सफल आयोजन

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में विश्व पशु चिकित्सा के अवसर पर साप्ताह भर के विभिन्न आयोजनों को संपादित किया गया। विश्व पशु चिकित्सा दिवस 2019 का समापन सामारोह 27 अप्रैल 2019 को महाविद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री राजेश बहुगुणा जी, संभाग आयुक्त, जबलपुर रहे। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार एवं समस्त पशुचिकित्सकों को अनंत शुभकामनाएं दी। उन्होंने विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय की सराहना करते हुए नये महाविद्यालय खोलने का परामर्श दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल जी ने की। माननीय कुलपति जी ने विश्व पशु चिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में आयोजित किये गए समस्त कार्यक्रमों की सराहना की और उन्होंने संकल्प लिया कि इस विश्वविद्यालय को देश के समस्त पशुचिकित्सा विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान पर पहुॅंचाना है साथ ही उन्होंन पशुचिकित्सकों की विभिन्न क्षेत्रों में भूमिका की व्याख्या

की देश में पशुचिकित्सकों की संख्या बढ़ती जा रही है उसी के अनुपात में नये पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालयों की स्थापना की महत्ती आवश्यकता पर बल दिया। इस शुभ अवसर पर महामहिम कुलाधिपति निर्देशानुसार माननीय मुख्य अतिथि एवं माननीय कुलपति जी द्वारा महाविद्यालय परिसर में पीपल के पौधों को रोपित किया गया। इस समापन समारोह में विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता संकाय, डॉ. एस.एन. एस परमार, संचालक अनुसंधान सेवाऐं, डॉ. यशपाल साहनी, कुलसचिव, डॉ. एस.के. जोशी, महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. आर. के शर्मा एवं संचालक विस्तार सेवाऐं, डॉ. सुनील नायक की उपस्थिति शोभनीय रही। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. आदित्य मिश्रा एवं डॉ. जॉयशी जोगी ने किया। विश्व पशुचिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय द्वारा पिछले एक सप्ताह से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसके अंतर्गत इंटर्नशिप के छात्र–छात्राओं एवं एवं महाविद्यालय शिक्षकों के द्वारा नगर निगम गौशाल, तिलवारा में 22 अप्रैल 2019 को 600 पशुओं को खुरपका एवं मुंहपका तथा एक टंगिया रोग से संबंधित टीकाकरण का कार्य किया गया।इसके उपरांत 24 अप्रैल 2019 को गौसेवा केन्द्र तिलवारा में 350 गौवंशीय पशुओं का भी टीकाकरण किया। इस अवसर पर अति गंभीर बीमार पशुओं का उपचार एवं बछड़ों की मृत्यु दर कम करने हेतु अधिष्ठाता डॉ. आर.के शर्मा के नेतृत्व में कार्यप्रणाली एवं उसके अमल हेतु माननीय कुलपति, डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल जी द्वारा निर्देशित किया गया। इसी कड़ी में टीकाकरण से संबंधित व्याख्यान, पोस्टर एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विश्व पशु चिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य में 27 अप्रैल 2019 को प्रातः 7:30 बजे से महाविद्यालय परिसर में टीकाकरण के महत्व पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली महाविद्यालय से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट, हाईकोर्ट चौराहा एवं इंदिरा मार्केट होते हुए शैक्षणिक पशु चिकित्सा परिसर में समाप्त हुई। इसके पश्चात महाविद्यालय के शैक्षणिक पशुचिकित्सा परिसर में प्रातः 09:00 से 11:00 बजे तक 192 श्वानों का निःशुल्क रेबीज टीकाकरण किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर